**ARMY PUBLIC SCHOOL SHILLONG**
**ANNUAL EXAMINATION 2022-23**
**SUBJECT: HINDI**
**CLASS: IX**

**Time: 3hrs.** **Maximum Marks: 80**

**सामान्य निर्देश:**

- इस प्रश्नपत्र में कुल दो खंड हैं.
- खंड 'अ' में प्रश्न संख्या एक और दो अपठित गद्यांश पर आधारित एक अंकीय बहुविकल्पीय प्रश्न हैं.
- प्रश्न संख्या 3 से 6 तक व्यावहारिक व्याकरण के बहुविकल्पी प्रश्न हैं.
- प्रश्न संख्या 7 से 10 तक पाठ्य-पुस्तक से बहुविकल्पी प्रश्न हैं.
- खंड 'ब' में प्रश्न संख्या 11 से 13 तक पाठ्य-पुस्तक एवं पुरक पाठ्य-पुस्तक से वर्णनात्मक प्रश्न हैं.
- प्रश्न संख्या 14 से 17 तक रचनात्मक लेखन के प्रश्न हैं.
- पृष्ठों की कुल संख्या 13 है.

**खंड - 'अ' (वस्तुपरक प्रश्न)**

**I. नीचे दो गद्यांश दिए गए हैं | गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये-** **1X5=5**

'घर' जैसा छोटा सा शब्द भावात्मक दृष्टि से बहुत विशाल होता है। इस आधार पर मकान, भवन, फ्लैट, कमरा, कोठी, बंगला आदि इसके समानार्थी बिल्कुल भी नहीं लगते हैं क्योंकि इनका सामान्य संबंध दीवारों, छतों और बाहरी व आंतरिक साज-सज्जा तक सीमित होता है। जबकि घर प्यार, भरोसे और रिश्तों की मिठास से बनता है। एक आदर्श घर वही है जिसमें प्रेम व भरोसे की दीवारें आपसी तालमेल की छतें, रिश्तों की मधुरता के खिले-खिले रंग, स्नेह, सम्मान व संवेदनाओं की सज्जा हो। घर में भावात्मकता है, वह भावात्मकता, जो संबंधों को महका कर परिवार को जोड़े रखती है। यह बात हमें अच्छी तरह याद रखनी चाहिए कि जब रिश्ते महकते हैं तो घर महकता है, प्यार अठखेलियाँ करता है तो घर अठखेलियाँ करता है, रिश्तों का उल्लास घर का उल्लास होता है। इसलिए रिश्ते हैं तो घर है और रिश्तों के बीच बहता प्रेम घर की नींव है। यह नींव जितनी मजबूत होगी घर उतना ही मजबूत होगा।

न जाने क्यों आज का मनुष्य संवेदनाओं से दूर होता जा रहा है। उसके मन की कोमलता कठोरता में बदल रही है। दिन-रात कार्य में व्यस्त रहने और धनोपार्जन की अति तीव्र लालसा से उसके अंदर मशिनियत बढ़ रही है। इसलिए उसके लिए घर के मायने बदल रहे हैं। उसकी अहमियत बदल रही है। इसी कारण आज परिवार में आपसी कलह, द्वंद्व आदि बढ़ रहे हैं। आज की पीढ़ी प्राइवेसी (व्यक्तिकता) के नाम पर एकाकीपन में सुख खोज रही है। उसकी सोच 'मेरा कमरा, मेरी दुनिया' तक सिमट गई है। एक छत के नीचे रहते हुए भी हम एकाकी होते जा रहे हैं। काश, सब घर की अहमियत समझें और अपना अहम हटाकर घर को घर बनाए रखने का प्रयास करें।

I सामान्य रूप से मकान, भवन, फ्लैट, कमरा, कोठी आदि शब्दों का संबंध किससे होता है?

**क** हृदय की भावनाओं से

**ख** वैभव और समृद्धि से

**ग** स्थानीय सुविधाओं से

**घ** बनावट व सजावट से

II आज की पीढ़ी को सुख किसमें दिखाई दे रहा है?

**क** निजी जीवन व एकांतिकता में

**ख** पारिवारिक भावनात्मक संबंधों में

**ग** बिना मेहनत सब कुछ मिल जाने में

**घ** धन कमाने के लिए जी तोड़ मेहनत करने में

III गद्यांश में प्रेम को घर का क्या बताया गया है?

**क** आभूषण

**ख** आधार

**ग** भरोसा

**घ** उल्लास

IV कथन और कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-

कथन (A) - आदमी के अंदर संवेदनाओं की जगह मशिनियत बढ़ती जा रही है

कारण (R) - व्यस्तता और अर्थोपार्जन की अति महत्वाकांक्षा ने उसे यहाँ तक पहुँचा दिया है

**क** कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है

**ख** कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है

**ग** कथन (A) यह सही है और कारण (R) की सही व्याख्या है

**घ** कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है

**V** **भावात्मक दृष्टि से घर जैसे छोटे से शब्द की विशालता में निहित हैं-**

**क** प्रेम विश्वास नातों का माधुर्य व संवेदनाएं

**ख** आकर्षक बनावट, सुंदर लोग, वैभव व संपन्नता

**ग** सुंदर रंग संयोजन,आंतरिक सजावट एवं हरियाली

**घ** स्नेह, सम्मान, सरसता, संवेदनाएं, संपन्नता व साज-सज्जा

**2** **नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये-** **1X5=5**

हर राष्ट्र को अपने सामान्य काम-काज एवं राष्ट्रव्यापी व्यवहार के लिए किसी एक भाषा को अपनाना होता है। राष्ट्र की कोई एक भाषा स्वाभाविक विकास और विस्तार करती हुई अधिकांश जन-समूह के विचार-विनिमय और व्यवहार का माध्यम बन जाती है। इसी भाषा को वह राष्ट्र, राष्ट्रभाषा का दर्जा देकर, उस पर शासन की स्वीकृति की मुहर लगा देता है। हर राष्ट्र की प्रशासकीय-सुविधा तथा राष्ट्रीय एकता और गौरव के निमित्त एक राष्ट्रभाषा का होना परम आवश्यक होता है। सरकारी काम-काज की केन्द्रीय भाषा के रूप में यदि एक भाषा स्वीकृत न होगी तो प्रशासन में नित्य ही व्यावहारिक कठिनाइयाँ आयेंगी। अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय में भी राष्ट्र की निजी भाषा का होना गौरव की बात होती है। एक राष्ट्रभाषा के लिए सर्वप्रथम गुण है- 'उसकी व्यापकता'। राष्ट्र के अधिकांश जन-समुदाय द्वारा वह बोली तथा समझी जाती हो। दूसरा गुण है- 'उसकी समृद्धता'। वह संस्कृति, धर्म, दर्शन, साहित्य एवं विज्ञान आदि विषयों को अभिव्यक्त करने की सामर्थ्य रखती हो। उसका शब्दकोश व्यापक और विशाल हो और उसमें समयानुकूल विकास की सामर्थ्य हो। यदि निष्पक्ष दृष्टि से विचार किया जाए तो हिन्दी को ये सभी योग्यताएँ प्राप्त हैं। अत: हिन्दी भारत की राष्ट्रभाषा होने की सभी योग्यताएँ रखती है।

I निम्न में से उपर्युक्त गद्यांश के शीर्षक का चयन कीजिये-

**क** राष्ट्रभाषा

**ख** राजभाषा

**ग** केंद्रीय भाषा

**घ** राष्ट्रभाषा हिंदी

II राष्ट्रभाषा की आवश्यकता क्यों होती है?

**क** गौरव के लिए

**ख** राष्ट्रीय एकता के लिए

**ग** प्रशासकीय सुविधा के लिए

**घ** उपर्युक्त सभी

III राष्ट्रभाषा का उदय कैसे होता है?

**क** व्यक्ति के द्वारा

**ख** समूह के द्वारा

**ग** अधिकांश जनसमूह के द्वारा

**घ** सभी के द्वारा

IV अंतर्राष्ट्रीय समुदाय में गौरव की बात होना किस संदर्भ में कहा गया है?

**क** पर भाषा के सन्दर्भ में

**ख** निज भाषा के सन्दर्भ में

**ग** क्षेत्रीय भाषा के सन्दर्भ में

**घ** बोली के संदर्भ में

V भारत की राष्ट्रभाषा होने की सभी योग्यताएँ किस भाषा में हैं?

**क** तमिल

**ख** संस्कृत

**ग** बंगला

**घ** हिंदी

## व्यावहारिक व्याकरण

**3** **निम्न बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** **1X4=4**

**I** अनुस्वार युक्त कौन-सा शब्द सही है?

**क** बंजर

**ख** बन्जर

**ग** बनज्ज्र

**घ** कोई नहीं

**II** अनुनासिक चिन्ह वाले शब्द का चयन कीजिए।

**क** अंक

**ख** आंग्ल

**ग** आँख

**घ** ऑफ

**III** अनुनासिक का प्रयोग चिन्ह निम्न में से कौन-सा है?

**क** ॅ

**ख** ँ

**ग** ं

**घ** ॰

**IV** शब्द 'पद' कब बन जाते हैं?

**क** जब वे शब्दों के साथ होते हैं

**ख** जब वे अर्थ प्रदान करते हैं

**ग** जब वे व्याकरण के नियम में बँधकर वाक्य में प्रयोग होते हैं

**घ** जब वे अकेले होते हैं

**4** **निम्नलिखित बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** **1X4=4**

**I** 'प्रकृति' में उपसर्ग है -

**क** पर

**ख** प्रक

**ग** प्र

**घ** प्रा

**II** 'विज्ञान' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग व शब्द है-

**क** विज्ञ + आन

**ख** वी + ज्ञान

**ग** वि + ज्ञान

**घ** विज्ञा + न

**III** निम्न में से अल्प विराम चिन्ह कौन-सा है?

**क** !

**ख** ?

**ग** ,

**घ** ;

**IV** योजक ( - ) चिन्ह का प्रयोग किसके लिए किया जाता है?

**क** वर्णों को जोड़ने के लिए

**ख** शब्दों को जोड़ने के लिए

**ग** वाक्यों को जोड़ने के लिए

**घ** कोई नहीं

**5** **निम्न बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** **1X4=4**

**I** 'भारत' में 'ईय' जोड़ने से कौन-सा शब्द बनता है?

**क** भारतीय

**ख** भरातीय

**ग** भारतिय

**घ** भाररीय

II वाक्य के मुख्य रूप से कितने भेद होते हैं?

**क** दो

**ख** तीन

**ग** पाँच

**घ** आठ

III 'वाला' प्रत्यय युक्त शब्द का चयन कीजिए-

**क** हवाला

**ख** मलाला

**ग** दूधवाला

**घ** लजाला

IV निषेधात्मक वाक्य का उचित उदाहरण है-

**क** मटके में पानी है

**ख** मटके में पानी है क्या

**ग** क्या मटके में पानी है

**घ** मटके में पानी नहीं है

**6** निम्नलिखित बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर का चयन कीजिए- **1X4=4**

I स्वर संधि मुख्य रूप से कितने प्रकार के होते हैं?

**क** तीन

**ख** चार

**ग** पाँच

**घ** सात

II परम + आनंद की सही संधि है-

**क** परमानंद

**ख** परमानन्दं

**ग** प्रेमानंद

**घ** प्रनानद

**III** 'सूर्योदय' का उचित संधि विच्छेद है-

**क** सुर + उदय

**ख** सूर्य+ उदय

**ग** सुरय + उद्या

**घ** शुर + उदय

**IV** विद्यार्थी किस प्रकार की संधि का उदाहरण है?

**क** गुण संधि

**ख** यण संधि

**ग** दीर्घ संधि

**घ** वृद्धि संधि

## पाठ्य-पुस्तक

**7** **काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए-** **1X5=5**

कई गलियों के बीच

कई नालों के पार

कूड़े-करकट के ढेरों के बाद

बदबू से फटते जाते इस

टोले के अन्दर

खुशबू रचते हैं हाथ

खुशबू रचते हैं हाथ।

**I** 'खुशबू रचते हैं' हाथ कविता के कवि का क्या नाम है?

**क** अरूण मल्ल

**ख** अरूण तिवारी

**ग** अरूण कमल

**घ** अरूण अकेला

II अगरबत्तियाँ बनाने वाले कहाँ रहते हैं?

**क** खुशबू के अन्दर

**ख** गलियों के अंदर

**ग** टोले के अन्दर

**घ** गाँवों के अन्दर

III 'खुशबू रचते हैं हाथ' कविता किन विषमताओं को उजागर करती है?

**क** सामाजिक

**ख** आर्थिक

**ग** नैतिक

**घ** सामाजिक और आर्थिक

IV 'खुशबू' का पर्यायवाची शब्द है?

**क** सुगंध

**ख** सौंधी महक

**ग** दुर्गंध

**घ** कोई नहीं

V कवि ने कविता की रचना किस भाषा में की है?

**क** अवधी

**ख** बघेली

**ग** छतीसगढ़ी

**घ** खड़ीबोली

**8 पद्य पर आधारित प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए- 1X2=2**

I कवि ने अग्नि पथ का प्रयोग किस सन्दर्भ में किया है?

**क** आग के सन्दर्भ में

**ख** संघर्ष के सन्दर्भ में

**ग** प्रगति के सन्दर्भ में

**घ** महानता के संदर्भ में

**II** कवि ने गीत-अगीत कविता में 'गीत' किसे कहा है?

**क** जो गाया जा रहा है

**ख** जो लिखा जा रहा है

**ग** जो सुना जा रहा है

**घ** जो बोला जा रहा है

**9** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए पश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनिए-** **1X5=5**

प्रथम श्रेणी की शिष्ट, संस्कार संपन्न भाषा और मनोहारी लेखन शैली की ईश्वरीय देन महादेव को मिली थी। यद्यपि गाँधी जी के पास पहुँचने के बाद घमासान लड़ाइयों, आंदोलनों और समाचार-पत्रों की चर्चाओं के भीड़-भरे प्रसंगों के बीच केवल साहित्यिक गतिविधियों के लिए उन्हें कभी मौका नहीं मिला, फिर भी गाँधी जी की आत्मकथा 'सत्य के प्रयोग' का अनुवाद उन्होंने किया, जो नवजीवन में प्रकाशित होने वाले गुजराती की तरह हर हफ्ते 'यंग इंडिया' में छपता रहा। बाद में पुस्तक के रूप में उसके अनगिनत संस्करण साड़ी दुनिया के देशों में प्रकाशित हुए और बिके।

**I** 'यंग इण्डिया' में कौन से लेख छपा करते थे?

**क** सत्य के प्रयोग के लेख

**ख** नवजीवन के लेख

**ग** समाचार पत्रों के लेख

**घ** महादेव के अपने लेख

**II** ईश्वरीय देन किसे मिली थी?

**क** गाँधी जी को

**ख** महादेव देसाई को

**ग** नेहरु जी को

**घ** पटेल जी को

**III** उपर्युक्त पंक्तियाँ किस पाठ से ली गयी हैं?

**क** दुःख का अधिकार

**ख** एवरेस्ट मेरी शिखर यात्रा

**ग** तुम कब जाओगे

**घ** शुक्रतारे के समान

**IV** महादेव देसाई ने किस पुस्तक का अंग्रेजी में अनुवाद किया?

**क** सोने की चिड़िया का

**ख** सत्य के प्रयोग का

**ग** भारत की खोज का

**घ** सोने के मुकुट का

**V** 'साहित्यिक' में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?

**क** इत

**ख** ईय

**ग** इक

**घ** ईक

**10** गद्य पर आधारित प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए- **1X2=2**

**I** रमन के मन में कौन-से रंग को लेकर जिज्ञासा उठी थी?

**क** लाल

**ख** हरा

**ग** नीला

**घ** पीला

**II** अग्रिम दल का नेतृत्व कौन कर रहे थे?

**क** प्रेमचन

**ख** प्रेमचंद्र

**ग** प्रेमचंद

**घ** प्रेम्चंद

**खंड - 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)**

## (पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक)

**11** **निम्न में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए:** **3X2=6**

**क** हर किसी के अंदर कुछ न कुछ ऐसे गुण होते हैं जो उन्हें दूसरों से अलग बना देता हैं और लोग उनके उस गुण को पसंद करने लगते हैं- जैसे सत्यनिष्ठा, विनम्रता, विवेक, खुशनवीश (सुंदर अक्षर लिखने वाला) आदि गुणों ने महादेव देसाई को सबका लाडला बना दिया था। महादेव देसाई की तरह आप में भी ऐसे बहुत से गुण होंगे जो आपको भी सबका लाडला बना दिया होगा। उन गुणों को विचार कर लिखिए।

**ख** देश को वैज्ञानिक दृष्टि और चिंतन प्रदान करने में सर चंद्रशेखर वेंकट रामन के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डालिए।

**ग** संबंधों का संक्रमण के दौर से गुजरना का क्या आशय है? विस्तार से लिखिए।

अथवा

मनुष्य के जीवन में पोशाक का क्या महत्व है? प्रकाश डालिए।

**12** **किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए:** **3X2=6**

**क** जलहीन कमल की रक्षा सूर्य भी क्यों नहीं कर पाता? दोहे के आधार पर स्पष्ट कीजिये।

**ख** भक्त 'रैदास' ने अपने स्वामी को किन-किन नामों से पुकारा है?

**ग** कवि ने अपनी कविता 'नये इलाके में' कौन-कौन से पुराने निशानों का उल्लेख किया है? उन्हें क्रम से लिखें।

**13** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर 60 शब्दों में लिखिए: **3X2=6**

**क** लेखक की माँ धर्मवीर की स्कूली पढ़ाई को लेकर चिंतित रहती थी पर पिता नहीं। ऐसा क्यों? पाठ के आधर पर उत्तर लिखिए।

**ख** साँप का ध्यान बँटाने के लिए लेखक ने क्या-क्या युक्तियाँ अपनाई ? क्रम से लिखें |

अथवा

गिल्लू को मुक्त करने की आवश्यकता क्यों समझी गई? लेखिका ने उसके लिये क्या उपाय किया?

**ग** 'कल्लू कुम्हार की उनकोटी' पाठ के संदर्भ में गंगावतरण की कथा का उल्लेख अपने शब्दों में कीजिये।

## रचनात्मक लेखन

**14** संकेत बिन्दुओं के आधार पर निम्न में से किसी एक पर 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए: **6**

**क** आत्मनिर्भर: *आत्मनिर्भरता का अर्थ *स्वतंत्रता *विकास में सहायक

**ख** मेरे जीवन का लक्ष्य: *लक्ष्य का अर्थ *लक्ष्य का कारण *लक्ष्य का प्रयास और लाभ

**15** 'हिंदी विषय' का महत्व बताते हुए अपने पिताजी को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। **6**

**अथवा**

'वार्षिक परीक्षा' की समाप्ति पर आपके मन में ख़ुशी के जो बुलबुले उठ रहे हैं, उसे बताते हुए अपनी दादी माँ को एक पत्र लिखिए?

**16** चाय पर बैठे दो मित्रों के बीच का संभावित संवाद अपने शब्दों में लिखिए | **5**

**अथवा**

29 मार्च 2023 को आपके परीक्षा का परिणाम घोषित किया जाएगा। इस संबंध में दो छात्रों के बीच हुए संवाद को लिखिए।

**17** दिए गये चित्र को ध्यान से देखकर मन में उभरे विचारों को अपने शब्दों में लिखिए- **5**



***********